Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Kosi Project in Bihar-Laid.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): मैं सरकार का ध्यान बिहार की कोशी परियोजना की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि बिहार में कोशी परियोजना नेहरू कालीन परियोजना है जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है । किसानों की हजारों एकड़ जमीन में नहर की खुदाई की गई लेकिन अभी तक किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंच सका । कोशी परियोजना के नाम पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रूपये पानी की तरह बहाये जाते हैं और इसमें कथित रूप से घोर अनिमितताएँ व्याप्त हैं । अतः सरकार से आग्रह है कि संपूर्ण परियोजना का एक विशेष कमिटी द्वारा पुर्नअध्ययन करवा कर बदलते आर्थिक एवं सामाजिक परिवेश में किसान के हितों का ध्यान रखते हुए, इस परियोजना को पूर्ण कराया जाए ताकि बिहार के किसानों में खुशहाली आ सके ।